बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संख्या :– 17–तक0को0– 312 / 2018.......11599.......**पटना, दिनांक :–**...17-12-2020

आदेश

बिहार विशेष सर्वेक्षण के साप्ताहिक प्रगति प्रतिवेदनों में लगातार कुछ जिलों में कार्य की प्रगति अत्यंत मंद गति से चलने के कारण दिनांक– 15.12.2020 की बैठक में अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा निदेशित किया गया कि उन जिलों के लिए निदेशालय स्तर से अधिकृत नोडल पदाधिकारी जिलों का भ्रमण कर कार्य की प्रगति में त्वरण उत्पन्न करेंगे और बाधक तथ्यों को दूर करने हेतु यथोचित कार्रवाई करते हुए कृत कार्रवाई से निदेशालय को अवगत करायेंगे। संबंधित नोडल पदाधिकारी भ्रमण के दौरान अद्यतन निदेशालय स्तर पर तैयार प्रतिवेदन को साथ रखेंगे और सभी बिन्दुओं पर समीक्षा कर अपेक्षित कार्रवाई करेंगे। जिलावार नोडल पदाधिकारियों की सूची निम्न प्रकार है:–

क्र0	पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम	भ्रमण की तिथि	जिला का नाम
01.	श्री दीपक कुमार, सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी	दिनांक– 18.12.2020 एवं 19.12.2020	मधेपुरा
02.	श्री इन्दु भूषण श्रीवास्तव, सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी		अरवल
03.	श्री प्रकाश चन्द्र सिन्हा, सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी		बांका
04.	श्री अशोक कुमार शर्मा, सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी		जमुई
05.	श्रीमती अंजली कुमारी आनंद, सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी		पश्चिम चम्पारण

साथ ही नोडल पदाधिकारियों को जिले के लिए प्राधिकृत करने संबंधी पूर्व के आदेश में परिवर्त्तन करते हुए निम्न प्रकार से जिला आवंटित किया जाता है:–

क्र0	पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम	आवंटित जिला का नाम
01.	श्री दीपक कुमार, सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी	मधेपुरा, पूर्णियाँ, सहरसा, किशनगंज
02.	श्री इन्दु भूषण श्रीवास्तव, सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी	खगड़िया, मुंगेर, लखीसराय, बेगूसराय
03.	श्री प्रकाश चन्द्र सिन्हा, सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी	अररिया, जहानाबाद,बांका, कटिहार
04.	श्री अशोक कुमार शर्मा, सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी	सुपौल,जमुई, शेखपुरा, अरवल
05.	श्रीमती अंजली कुमारी आनंद, सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी	नालंदा, पश्चिम चम्पारण
06.	श्री राजेश कुमार सिंह, सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी	सीतामढ़ी, शिवहर

इस संदर्भ में निदेशालय से निर्गत पूर्व पत्रों को इस हद तक संशोधन समझा जाय।

17/12/20

निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

D:\Sanjeev-2020\Assistant Director sir\Order\file no.- 312_2018_17.12.2020.doc

ज्ञापांकः – 17–तक0को0– 312/2018........11599........**पटना, दिनांक** :–17-12-2020

प्रतिलिपिः– समाहर्त्ता–सह–बंदोबस्त पदाधिकारी, मधेपुरा, प0 चम्पारण, बांका, जमुई एवं अरवल को सूचनार्थ प्रेषित। साथ ही अनुरोध है कि भ्रमण के तिथियों को इन पदाधिकारियों के लिए अपने जिले में आवासन हेतु जिला अतिथि गृह में समुचित व्यवस्था करने की कृपा की जाए एवं कार्यों की समीक्षा एवं सहयोग के लिए इन्हें आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाए।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः – 17–तक0को0– 312/2018........11599........**पटना, दिनांक** :–17-12-2020

प्रतिलिपिः– राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा जिलों के लिए प्राधिकृत सभी वरीय नोडल पदाधिकारी/निदेशालय के स्तर से जिलों के लिए प्राधिकृत सभी नोडल पदाधिकारी/सहायक निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप/उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग/सभी प्रशाखा पदाधिकारी, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय/सुश्री सुरभि सिंह, डाटा एनालिस्ट, आई0टी0 सेल, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः – 17–तक0को0– 312/2018........11599........**पटना, दिनांक** :–17-12-2020

प्रतिलिपि :– श्री राकेश कुमार, सहायक, भू– अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं निदेश है कि सभी संबंधित पदाधिकारियों को भ्रमण के तिथियों को एक–एक वाहन प्रातः 5:00 बजे से उनके आवास पर उपलब्ध कराया जाय। साथ ही निदेश है कि सुयोग्य वाहन उपलब्ध कराया जाय क्योंकि इनके द्वारा जिलों में ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण किया जाना है।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः – 17–तक0को0– 312/2018........11599........**पटना, दिनांक** :–17-12-2020

प्रतिलिपि :– सभी जिलों से संबंधित तीनों हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों को सूचनार्थ प्रेषित। निदेश है कि भ्रमण की तिथि को एजेंसी के जिला प्रतिनिधि संबंधित जिले में अपने कार्यालय में कर्मियों के साथ उपस्थित रहेंगे।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः – 17–तक0को0– 312/2018........11599........**पटना, दिनांक** :–17-12-2020

प्रतिलिपि :– अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप
17/12/20